आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर दौरे पर–आईआईटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे।
- प्रदेश में सात सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 94 उम्मीदवारों ने 118 नामांकन पत्र दाखिल किये।
- आरपीएससी ने राजस्व अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी भर्ती परीक्षा–2022 को रद्द किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

..............................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

..............................

इंडिया ए.आई. और मेटा ने जोधपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.टी. में सेंटर फॉर जनरेटिव एआई–सृजन स्थापित करने की घोषणा की है। दोनों संस्थान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद–ए.आई.सी.टी.ई. के साथ मिलकर कौशल और क्षमता निर्माण के लिए युव एआई भी शुरू करेंगे। इसका उद्देश्य देश में यांत्रिक बुद्धिमत्ता को बढावा देना है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि इस उत्कृष्टता–केन्द्र से यांत्रिक बुद्धिमत्ता में नवाचार को बढावा मिलेगा और उद्यमी लार्ज लेंग्वेज मॉडल का उपयोग कर सकेंगे। मंत्रालय के अनुसार, सृजन से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने में एआई के उपयोग को बढावा मिलेगा। इससे सकारात्मक सामाजिक–आर्थिक प्रभाव भी पडेगा। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा, वाहन और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान को बढावा दिया जाएगा। मंत्रालय के सचिव एस. कष्णन ने कहा कि इस पहल से पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की भारत की आकांक्षा को बल मिलेगा और देश तकनीकी प्रगति तथा आर्थिक वृद्धि की दृष्टि से अग्रणी बन सकेगा।

..............................

प्रदेश के 7 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए 94 उम्मीदवारों की ओर से 118 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि सबसे ज्यादा 21 उम्मीदवारों ने दौसा में और सबसे कम 7 उम्मीदवारों ने सलूम्बर में नामांकन भरा है। श्री महाजन ने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच करेंगे और 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों के साथ प्रस्तुत किए गए शपथ–पत्र चुनाव आयोग के **मोबाइल एप, 'केवाईसी**' और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं। कोई भी नागरिक और आम मतदाता इन शपथ–पत्रों में अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यताओं, चल–अचल सम्पति का ब्योरा और आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सम्बंधित अभ्यर्थियों को ये जानकारी आगामी 31 अक्टूबर से 11 नवम्बर के बीच 3 बार स्थानीय समाचार–पत्रों और समाचार चैनल में प्रकाशित अथवा प्रसारित किए जाने आवश्यक हैं।

..............................

जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आज से दो दिन के फोर्टी एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के इस एक्सपो का उद्घाटन करेंगी। कल उन्होंने एक्सपो का पोस्टर जारी किया। फोर्टी विमन विंग की अध्यक्ष अलका गौड़ ने बताया कि इस एक्सपो में प्रदेशभर की महिला उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। वहीं महिला हस्तशिल्पियों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। राज्य सरकार की " वन डिस्ट्रिक्ट – वन प्रोडक्ट " स्कीम के तहत प्रदेश के सभी 50 जिलों के पहचान वाले उत्पादों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा।

..............................

अजमेर के माखुपुरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कल रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। रोजगार कार्यालय के सहयोग से हुए इस शिविर का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। इस दौरान 22 कंपनियों और संस्थानों में 811 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वरोजगार और विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण की जानकारी भी दी गई।

..............................

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने चार दवाओं के चुनिंदा बैच को नकली घोषित किया है। संगठन ने लगभग 3 हजार नमूनों के परीक्षण के बाद 49 दवाओं को वापस लेने को कहा है। डीसीजीआई डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि कुल नमूनों में से केवल डेढ प्रतिशत नमूने कम असरदार पाये गये।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर सुबह 11 बजे किया जाएगा। ये कार्यकम आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों और न्यूज ऑन एआईआर एप पर भी उपलब्ध रहेगा।

..............................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्व अधिकारी आर ओ ग्रेड–2 और अधिशाषी अधिकारी **ईआरओ** ग्रेड–4 भर्ती परीक्षा 2022 को रद्द कर दिया है। अब ये परीक्षा अगले साल 23 मार्च को करवायी जायेगी। एसओजी की रिपोर्ट पर आरपीएससी ने माना कि भर्ती परीक्षा में नकल हुई थी। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 14 मई 2023 को 111 पदों के लिए ईओ आरओ भर्ती परीक्षा करवायी गई थी। जिसमें 1 लाख 96 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। वहीं आयोग की ओर से जारी शिड्यूल के मुताबिक 23 मार्च 2025 को होने वाली जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा को अब आगे बढा दिया गया है। ये परीक्षा अब अगले साल 17 मई को होगी। आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में 24 विषयों के लिए प्राध्यापक और कोच के कुल 2 हजार 202 पदों पर भर्ती विज्ञापन भी जारी किया है। इसके लिए 5 नवंबर से 4 दिसंबर तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है।

..............................

नर्मदा नहर परियोजना के नहरी सिस्टम से पाली जिले में 4 नवंबर से किसानों को रबी फसल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाया जावेगा। पाली संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने कल जल संसाधन विभाग की बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नहर परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में समुचित विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये और नहरो की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पेट्रोलिंग जाप्ता गठित किया जाये। श्रीमती सिंह ने परियोजना से जुडे अवैध पाईपलाइन कनेक्शनों को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

..............................

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि जोधपुर राजस्थान की सांस्कृति और धार्मिक राजधानी है। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन और विभिन्न धार्मिक आयोजन हमे समृद्ध बनाते है। श्री शेखावत ने कल जोधपुर में रामलीला मंचन कार्यकम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकम हमे अपनी जड़ों से जुडने का अवसर देते है और उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति का प्रभाव बढ़ा हैं।

..............................

स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत पाली जिले में विभिन्न पंचायत समितियों के गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जायेगा। इन गांवों में नियमित रूप से साफ सफाई और जिला परिषद की ओर से निरीक्षण भी होगा। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने सभी विकास अधिकारियों को बिसलपुर, नाडोल, देवरिया, ईसाली, टेवाली, देवलीकला, जवाली, सुखरलाई, हरियामाली और धोला गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

..............................

प्रदेशभर में रोशनी के त्यौहार दीपोत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही है। बाजारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सजावट शुरू हो रही है। भरतपुर में प्रमुख बाजारों, ऐतिहासिक इमारतों को सजाने का काम किया जा रहा है और जलाशयों तथा कुण्डो को भी रोशनी से सराबोर किया जा रहा है। उधर स्वर्ण नगरी जैसलमेर में भी दीपोत्सव को लेकर आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। सैलानियों की अच्छी आवक को देखते हुए पर्यटन कारोबारी विशेष इंतजाम कर रहे है।

............................